शाम के समाचार

26.03.2024 आकाशवाणी भोपाल 7.10 PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार....

- चुनाव आयोग ने मतदान केन्द्रों पर पेय जल और छाया जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का दिया निर्देश।
- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कांग्रेस के 4 प्रत्याशियों ने दाखिल किये नामांकन।
- राजधानी भोपाल समेत आज प्रदेशभर के पुलिस थानों में जमकर खेली गई होली।
- प्रदेश में एक बार फिर बदल सकता है मौसम, बादल और बूंदाबांदी के आसार।

चुनाव आयोग परामर्श

निर्वाचन आयोग ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू के संबंध में परामर्श जारी किया है। इसमें कहा गया है कि मौसम विभाग ने गर्मी के मौसम के दौरान सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना व्यक्त की है जिसके कारण मार्च से जून के बीच लंबे समय तक भीषण गर्मी और लू की स्थिति पैदा हो सकती है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन आधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर पेय जल और छाया की न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। आयोग ने इस सिलसिले में गर्मी के असर से बचाव के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिकरण के परामर्श का पालन करने की सलाह दी है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिकरण के परामर्श के अनुसार लोगों को धूप में निकलने, विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 3 बजे दिन के बीच बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है।

कांग्रेस नामांकन

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज कांग्रेस के 4 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें छिंदवाड़ा से नकुलनाथ, बालाघाट से सम्राट सिंह सारस्वत, सीधी से कमलेश्वर पटेल और मंडला से ओमकार सिंह मरकाम शामिल हैं। मरकाम कल फिर पार्टी नेताओं के साथ जाकर पर्चा दाखिल करेंगे। इसी तरह शहडोल से कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल मार्को और जबलपुर से दिनेश यादव भी कल पुनः नामांकन दाखिल करेंगे। वैसे भी पहले चरण के नामांकन फॉर्म जमा करने का कल अंतिम दिन है। कल 3 बजे तक नामांकन भरे जा

सकेंगे।छिंदवाड़ा में नकुलनाथ की नामांकन रैली में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष भी शामिल हुए।

भोजशाला सर्वे

हाईकोर्ट के निर्देश पर धार की भोजशाला का आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया- ए.एस.आई टीम द्वारा किया जा रहा सर्वे आज पांचवे दिन भी जारी रहा । आज ए.एस.आई के अपर महानिदेशक प्रो आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में आज भोजशाला में पीछे की ओर सुबह से शाम तक सर्वे का कार्य किया गया। मंगलवार को भोज शाला श्रद्धालुओं के लिए दिनभर खुली रहती है। इसलिए श्रद्धालुओं के आने जाने का सिलसिला जारी रहा। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किए गए थे ।

जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज- आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

प्रदेश प्रचार-मतदान जागरुकता

प्रदेश में पहले चरण का नामांकन भरने का काम कल समाप्त होगा इसलिए चुनाव प्रचार और मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ जोर पकड़ने लगी हैं. सागर के सुरखी विधानसभा क्षेत्र के बिलहरा में नारी शक्ति वंदन और भाई दूज कार्यक्रम में शामिल होने आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुसार बहनों के द्वारा हमारे माथे पर लगाया जाने वाला टीका और हाथ में बांधा जाने वाला रक्षा सूत्र ही हमारी शक्ति का आधार है ,जो हमें दुनिया की किसी भी शक्ति और अन्याय के खिलाफ लड़ने का साहस देता है।

शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद एवं भाजपा उम्मीदवार हिमाद्री सिंह कल अपना नामांकन जमा करेंगी। इस दौरान अनूपपुर कलेक्ट्रेट में उप मुख्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे.

मंदसौर में मतदाताओं द्वारा एपिक कार्ड के साथ सेल्फी ले कर मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

बैतूल में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से आज एनएसएस के 150 विद्यार्थियों के लिए चुनावी पाठशाला संपन्न हुई। चुनावी पाठशाला में मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई गई।

छतरपुर में राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए कारों अथवा वाहनों को किसी भी परिस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने तक तीन से अधिक वाहनों की अनुमति नहीं होगी।

पुलिस होली

प्रदेश में होली को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के बाद आज दूसरे दिन राजधानी भोपाल समेत प्रदेशभर के पुलिस थानों में जमकर होली खेली गई। राजधानी में पुलिस लाइन नेहरू नगर से लेकर सुबह से ही थानों में रंग-गुलाल लगाकर पुलिस अधिकारी-पुलिसकर्मियों ने डीजे की धुन पर जमकर डांस किया। पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र समेत पुलिस के आला अधिकारियों ने होली मिलन समारोह में शामिल हो कर जमकर होली खेली।

इंदौर में भी मंगलवार को पुलिसकर्मियों ने डीआरपी लाइन में पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता के साथ जमकर होली खेली। मंदसौर में भी एसपी बंगले से लेकर थानों तक खूब रंग गुलाल उड़े. सतना में भी आज पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने होली मनाई ।भर्ती रैली

भारतीय वायु सेना द्वारा समूह वाई गैर तकनीकी मेडीकल असिस्टेन्ट ट्रेड में प्रवेश के लिए भर्ती रैली का आयोजन 28 मार्च को लाल परेड ग्राउण्ड, भोपाल में किया जाएगा। भर्ती रैली में शामिल होने वाले आवेदक 28 मार्च को प्रात 6 बजे से 10 बजे तक लाल परेड ग्राउण्ड में उपस्थित होकर रिपोर्ट कर सकते है। आवेदक की आयु एवं योग्यता से संबंधित जानकारी वायुसेना वेब पोर्टल पर प्राप्त की जा सकती है।

## मुरैना की अनूठी होली

मुरैना की कैलारस तहसील के शेखपुर गांव में 400 वर्षों से होली का पर्व अनोखी परपंरा के साथ मनाया जाता है । होलिका दहन के पश्चात ही पुरुष और महिलाएं गांव में घर घर फेरी लगाकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हैं। धुलेंडी के दिन सुबह गांव के पुरूष प्रभातफेरी निकालकर घर घर में मेल मिलाप करते हैं । वहीं शाम को गांव की महिलायें सज धज कर घर घर जाती है । धुलेंडी के दूसरे दिवस सुबह भी एक बार फिर महिलाएं प्रभातफेरी निकाली हैं। अनोखी होली में गांव की सभी बहन बेटियां अपने ससुराल से होली मनाने घर आती हैं। वही, गांव के सभी मान्यवर भी दूर दराज शहरों से गांव शेखपुर आते हैं जहां परिजन उनका सम्मान करते हैं।

## मौसम

प्रदेश का मौसम एक बार फिर बदलने जा रहा है। 29 मार्च को सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ का असर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है, जबकि बादल भी छा सकते हैं। इससे पहले तेज गर्मी का असर रहेगा। इससे पहले प्रदेश में गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। दिन में पारा 40 डिग्री तक पहुंच गया है, जबकि रात में 22 डिग्री के पार है।

## समाचार संक्षेप में....

1. अशोकनगर जिले के तीर्थ स्थल मां जानकी मंदिर, करीला धाम पर लगने वाले रंगपंचमी मेला का आयोजन 29 मार्च से 31 मार्च तक किया जाएगा।
2. छतरपुर जिले में पशु चारे की कमी की आशंका को देखते हुये जिले में पर्याप्त चारा-भूसा की आपूर्ति बनाये रखने के लिए के निर्यात तथा ईधन के रूप में दुरूपयोग रोकने पर प्रतिबंध लगा दिया है.
3. खंडवा जिले के आदिवासी विकासखंड खालवा में आज से पांच दिवसीय फाग उत्सव मनाया जा रहा हैं। जिसमें कलाकार गीत गाकर नृत्य कर रहे है।
4. शिवपुरी में आज पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने होली मनाई । इस दौरान शिवपुरी के पुलिस परेड ग्राउंड पर यहां पर पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।
5. झाबुआ में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ज़िला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना की उपस्थिति में आज तीनो विधानसभा झाबुआ, थांदला और पेटलावद के लिए EVM मशीनों का आवंटन किया गया।

6. कोटेश्वर की ओर जा रही झाबुआ की एक यात्री बस तालनपुर- सिलकुंवा आली मार्ग पर अनियंत्रति होकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार 15 यात्री घायल हुए हैं। और

7. भोपाल जिले के गुनगा थाना क्षेत्र में एक महिला ने तीन बेटियों के साथ फांसी लगा ली। महिला और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई है, जबकि ढाई साल की एक बेटी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---------------------